VIDYA SHREE ACADEMY
SR. SEC. SCHOOL
An English Medium Co.Ed. School | Science & Commerce


W : www.vsajaipur.com | E : vsajaipur@gmail.com M. : +91 9460356652, 8058999828
Add. : 84, Krishna Vihar, Behind Narayan Niwas, Gopalpura Bypass, Jaipur - 302015
/vsajaipur | /vsajaipur | /vidyashreeacademy | /vsa_jaipur


**Subject – Hindi** **Lesson – 2 वर्ण विचार** **class – 6th**

उत्तर-पुस्तिका सुगम हिंदी व्याकरण भाग-6

CORDOVA

## 2. वर्ण-विचार

## लिखित

कौशल-लेखन ( व्याकरण, शब्दावली, लिखावट )

**1. निम्नलिखित शब्दों के उचित वर्ण-विच्छेद में ✓ का निशान लगाइए-**

(क) बाज़ार – ब् + आ + ज़ + आ + र् + अ

(ख) लिपि – ल् + इ + प् + इ

(ग) चक्रधर – च् + अ + क् + र् + अ + ध् + अ + र् + अ

(घ) कृपा – क् + ऋ + प् + आ

(ङ) चौपाई – च् + औ + प् + आ + ई

(च) चिह्न – च् + इ + ह् + न् + अ

**2. निम्नलिखित शब्दों में से संयुक्त व्यंजन और द्वित्व व्यंजन वाले शब्दों को अलग-अलग करके लिखिए-**

संयुक्त व्यंजन – श्रमिक क्षमा पत्रिका श्रम

द्वित्व व्यंजन – गुब्बारा बच्चा कच्चा लड्डू

**3. निम्नलिखित शब्दों की सहायता से खाली जगह भरिए-**

(क) खंड (ख) दो (ग) मात्रा (घ) ह्रस्व

(ङ) रि (च) नाक (छ) पच्चीस (ज) संयुक्त

**4. रीमा ने विसर्ग, अनुनासिक और अनुस्वार वाले शब्द आपस में मिला दिए हैं। आप उन्हें अलग-अलग करके लिखिए-**

विसर्ग वाले शब्द – पुनः, अतः, प्रातः।

अनुनासिक वाले शब्द – चाँद, हँस, आँख।

अनुस्वार वाले शब्द – बंदर, सुंदर, झंडा।

**5. इनसे बनने वाले संयुक्त वर्ण लिखिए-**

क् + श् + अ = ..........क्ष..........   त् + र् + अ = ..........त्र..........   श् + र् + अ = ..........श्र..........

**6. निम्नलिखित वर्णों के योग से शब्द बनाइए-**

(क) म् + ऊ + ल् + ई = ..........मूली..........

(ख) प् + उ + ष् + प् + आ = ..........पुष्पा..........

(ग) प् + अ + त् + त् + आ = ..........पत्ता..........

(घ) च् + अ + ञ् + च् + अ + ल् + अ = ..........चञ्चल..........

(ङ) श् + र् + अ + म् + इ + क् + अ = ..........श्रमिक..........

**7. 'र' के विभिन्न रूपों के आधार पर दो-दो शब्द लिखिए-**

(क) 'र' – रतन राम रमन

(ख) 'र्' – धर्म कर्म कार्य

(ग) '्र' – प्रकाश प्रयोग प्रसन्न

(घ) '्र' – राष्ट्र ड्रम ड्रामा

o

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) **स्वर**– जिन वर्णों के उच्चारण में किसी अन्य वर्ण की सहायता नहीं लेनी पड़ती, उन्हें **स्वर** कहते हैं।

स्वर के भेद-ह्रस्व स्वर, दीर्घ स्वर, प्लुत स्वर।

(ख) **व्यंजन**– जिन वर्णों का उच्चारण करते समय स्वर की सहायता ली जाती है, उन्हें **व्यंजन** कहते हैं। इनके उच्चारण में हवा रुककर मुख से बाहर निकलती है।

(ग) **अनुनासिक ( चंद्रबिंदु ) ( ँ )**– अनुनासिक का उच्चारण नाक और मुँह से होता है; जैसे– चाँद, मुँह, हँस आदि।

o